तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार 28 मार्च 2026

12 रसोई गैस के लिए हाहाकार, सुबह चार बजे से लाइन ...



12 खतौली में हुआ रात्रि ठहराव कार्यक्रम, ग्रामीणों ...



## खबर संक्षेप

### जंगल से पशुओं के अवशेष बरामद

**यमुनानगर।** गांव इब्राहिमपुर जंगल से पशुओं के अवशेष बरामद हुए हैं। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गो रक्षक स्टाफ पुलिस लाइन यमुनानगर में तैनात एसआई सुरेश पाल ने बताया कि 26 मार्च को दोपहर तीन बजे उन्हें सूचना मिली थी कि गांव इब्राहिमपुर जंगल में किसी ने गोवंश का वध किया हुआ है। पशुओं के अवशेष वहीं पर पड़े हैं। टीम के साथ मौके पर पहुंचा। इस दौरान उन्हें जंगल से पशुओं की खाल बरामद हुई है। अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### महिला से चोरी किए 16 हजार नौ सौ रुपये

**यमुनानगर।** शहर के गुरु नानक खालसा कॉलेज के पास हिताची एटीएम पर पैसे निकलवाने गई महिला से अज्ञात ने बहला फुसला कर धोखे से 16 हजार नौ सौ रुपये चोरी कर लिए। घर पहुंचकर जब महिला को पैसे नहीं मिले तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### युवक ने शादी का झांसा देकर किया अगवा

**यमुनानगर।** सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र के एक गांव से युवक शादी का झांसा देकर युवती को अगवा कर लिया। पुलिस ने युवती के पिता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके 25 वर्षीय लड़की 25 मार्च को सुबह नौ बजे किसी काम से घर से बाहर गई थी मगर इसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उन्हें अपनी लड़की का कुछ भी पता नहीं चला। जांच के दौरान उन्हें मालूम हुआ कि उसकी लड़की को गांव नाहरपुर निवासी कोनी ढिल्लो शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है।

### बस की टक्कर से हलवाई की मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव भालसी के पास जींद हाईवे पर प्राइवेट बस ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक पेशे से हलवाई जगदीश निवासी गांव धनसौली जिला पानीपत की मौत हो गई। जबकि पीछे बैठे मृतक की बुआ का लडका चांद निवासी गांव अटावला जिला पानीपत बाल बाल बच गया। वहीं, चांद ने बताया कि वह और जगदीश, थर्मल के क्षेत्र में भंडारे का कार्य निपटा कर बाइक पर सवार होकर अपने घरों को लौट रहे थे। दूसरी ओर, थाना मतलौडा पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद जगदीश का शव उसके परिजनों को सौंप दिया और चांद की शिकायत पर बस के अज्ञात चालक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विवाहिता को बंधक बना गहने व नकदी हड़पी

**पानीपत।** थाना तहसील कैंप पुलिस को शिकायत देकर कीर्ति नामक महिला ने सौतेली मां मधु व बहन प्रियंका निवासवी हरि सिंह चौक और इनके साथी संदीप पर उसे बंधक बना मारपीट कर सोने व चांदी से बने गहने, 53 हजार रुपये की नकदी छीनने की शिकायत दी है। पुलिस की डॉयल -112 मौके पर पहुंची और कीर्ति को तीनों के चुंगल से छुडवाया। वहीं कीर्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि तीनों ने उससे बहका रखा था।

### ससुरालियों पर नशीली दवा देकर मारने का आरोप

**शहजादपुर।** पतरेहड़ी गांव की एक विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और नशीली दवा देकर मारने की साजिश रचने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति, सास-ससुर और ननद पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हरियाणा अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में साझा किए अनुभव

# जिंदगी में कोई शॉर्टकट नहीं, संघर्ष और मेहनत से ही मिलती है सफलता : अभिनेता अवतार गिल

- 350 से अधिक फिल्मों में काम कर बना चुके हैं खास पहचान युवाओं को दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा संस्कृति सोसाइटी फॉर आर्ट एंड कल्चरल डेवलपमेंट, कुरुक्षेत्र के सहयोग से आयोजित 8वें हरियाणा अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के तीसरे दिन दौरान प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता अवतार गिल ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि जीवन में सफलता पाने का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर संघर्ष, कड़ी मेहनत और धैर्य ही व्यक्ति को सफलता के शिखर तक पहुंचाते हैं। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और उसे पाने की सच्ची लगन हो तो कठिन से कठिन रास्ते भी आसान हो जाते हैं। अभिनेता अवतार गिल ने अपने फिल्मी सफर के अनुभवों का जिक्र करते हुए बताया कि उन्होंने अब तक 350 से अधिक फिल्मों में काम किया है। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला ने बताया कि इस महोत्सव में देश-विदेश की फिल्मों के प्रदर्शन के साथ-साथ फिल्म निर्माण, अभिनय और सिनेमा के विभिन्न पहलुओं पर संवाद एवं चर्चा भी की जा रही है, जिससे विद्यार्थियों को सिनेमा की दुनिया को करीब से समझने का अवसर मिल रहा है। फेस्टिवल निदेशक धर्मेन्द्र डांगी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अभिनेता अवतार गिल से कई प्रश्न भी पूछे, जिनका उन्होंने सहजता से उत्तर देते हुए अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि अभिनय केवल प्रतिभा का नहीं बल्कि अनुशासन, निरंतर अभ्यास और धैर्य का भी क्षेत्र है। इस अवसर पर मंच का संचालन डॉ. आबिद अली ने किया। कार्यक्रम में राजेंद्र वर्मा यश बाबू, प्रो. विवेक चावला, धर्मेन्द्र डांगी, सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, विद्यार्थी और फिल्म प्रेमी उपस्थित रहे।




**कुरुक्षेत्र।** फिल्म अभिनेता अवतार गिल को स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक।

### फिल्म उद्योग में पहचान बनाना आसान नहीं

फिल्म उद्योग में अपनी पहचान बनाना आसान नहीं था, लेकिन लगातार मेहनत, सीखने की इच्छा और सकारात्मक सोच ने उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहें और असफलताओं से घबराने के बजाय उन्हें सीख के रूप में लें। फिल्में केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं होतीं, बल्कि समाज को दिशा देने का सशक्त माध्यम भी हैं। सिनेमा के जरिए समाज की वास्तविकताओं, संस्कृति और मूल्यों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जा सकता है।

### अभिनेत्री गुरविंदर गौरी ने समारोह की शोभा बढ़ाई

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा संस्कृति सोसाइटी फॉर आर्ट एंड कल्चरल डेवलपमेंट, कुरुक्षेत्र के सहयोग से 8वें हरियाणा अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के तीसरे दिन फिल्मी जगत की जानी-मानी अभिनेत्री गुरविंदर गौरी ने अपनी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर उन्होंने बातचीत करते हुए अपने अभिनय जीवन के अनुभव, चुनौतियों और भविष्य की योजनाओं को साझा किया। गुरविंदर गौरी ने बताया कि वह पिछले करीब 25 वर्षों से अभिनय के क्षेत्र में सक्रिय हैं। अपने करियर के सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव के बारे में बात करते हुए गुरविंदर गौरी ने लोकप्रिय टीवी सीरियल उड़ारियां का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि इस धारावाहिक में निभाया गया गुरप्रीत का किरदार उनके करियर का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। इस भूमिका ने उन्हें देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि जब वह विदेश जाती हैं तो वहां भी लोग इस किरदार को याद कर उनकी सराहना करते हैं।

## अंबाला पुलिस की बड़ी कार्रवाई से नशा तस्कारों में हड़कंप

# 1.5 किलो अफीम के साथ बिहार के दो तस्कर गिरफ्तार

**2026 में अब तक 28 केस दर्ज नशे के खिलाफ अभियान जारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ अपना विशेष अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में सीआईए-2 की टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए बिहार के दो नशा तस्करों को 01 किलो 534 ग्राम अफीम सहित काबू किया है। अपराध नियंत्रण हेतु गश्त के दौरान सीआईए 2 की टीम को नशा तस्करी की सूचना प्राप्त हुई थी। त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम ने नसरौली भड़ोग रोड पर बैठे दो संदिग्धों को दबोचा। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 1 किलो 534 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपियों की पहचान जय कुमार और ललन, निवासी जिला सीतामढ़ी (बिहार) के रूप में हुई है। आरोपियों के खिलाफ थाना पंजोखरा साहिब में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी ललन को जेल भेज दिया गया है जबकि मुख्य आरोपी जय कुमार को गहन पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया गया है ताकि तस्करी के इस नेटवर्क की जड़ों तक पहुंचा जा सके।



**अंबाला।** नशा तस्करी में पकड़े गए आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### नशीला पदार्थ सप्लाई करने के दो आरोपी काबू, 50 लाख का चूरापोस्त बरामद

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सप्लाई चेन से जुड़े दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने जगत राम उर्फ संजू निवासी बडल और बग्गा राम निवासी लम्बी डोरी, जिला सोलन (हिमाचल प्रदेश) को काबू किया। 19 मार्च 2026 को एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम एनएच-152 पर गांव टबरा के पास गश्त पर मौजूद थी। इसी दौरान सूचना के आधार पर पुलिस ने पहले ही सतपाल निवासी फनार (जिला चंबा) और जीतराम निवासी बडन (जिला सोलन) को जलबेहड़ा के पास से एक कैंटर सहित गिरफ्तार किया था। तलाशी के दौरान कैंटर (एचपी-12-आर-3083) से करीब 6 क्विंटल 92 किलो 907 ग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ, जिसकी कीमत लगभग 50 लाख रुपये आंकी गई।

### नशे के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस

अंबाला पुलिस ने चालू वर्ष 2026 में अब तक नशे के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की है। इस दौरान कुल 28 मामले दर्ज किए गए हैं। इसमें 48 आरोपी जेल भेजे गए हैं। अब तक पुलिस ने 2 किलो 938 ग्राम अफीम, 137 किलो चूरापोस्त, 6 किलो 844 ग्राम गांजा, 1 किलो 275 ग्राम हेरोइन, 290 नशीली गोलियां, 576 कैप्सूल और 125 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ भविष्य में भी अपना यह अभियान निरंतर और अधिक सख्ती से जारी रखेगी।

### 9.3 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** थाना शहर पुलिस ने तेजली ग्राउंड के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 9.3 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार शहर थाना में तैनात एएसआई युसूफ अली ने बताया कि वह शाम को टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान उसे सूचना मिली थी कि तेजली स्टेडियम के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। आरोपी नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 9.3 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। उसने पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान मनीष कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



हेरोइन के साथ आरोपी।



**अंबाला।** रेलवे स्टेशन पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते एडीसी व एसपी रेलवे।

**बुजुर्गों के लिए निःशुल्क सेवा, सभी तैयारियां पूरी**

# आज दोपहर 2.30 बजे अयोध्या धाम के लिए रवाना होगी ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि 28 मार्च को दोपहर बाद 2.30 बजे अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम के लिए रवाना होने वाली स्पेशल ट्रेन को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम के दृष्टिगत किए जाने वाले कार्यों को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसी कड़ी में अतिरिक्त उपायुक्त व एसपी रेलवे ने शुक्रवार को स्टेशन का दौरा करते हुए तमाम तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने रेलवे स्टेशन का दौरा करते हुए प्लेटफार्म नंबर 1 से अयोध्या धाम यात्रा के लिए रवाना होने वाली विशेष ट्रेन के तहत यहां पर जो व्यवस्थाएं की गई हैं उसकी जायजा लिया। यहां पर स्टेज की व्यवस्था के साथ-साथ श्रद्धालुओं के लिए बनाए जाने वाले हेल्प डेस्क की व्यवस्था, ट्रेन की सजावट के साथ-साथ सुरक्षा की दृष्टि से किए जाने वाले प्रबंधों बारे जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर एसपी रेलवे ने भी सुरक्षा की दृष्टि से यहां पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### खाने-पीने की भी निःशुल्क व्यवस्था

इस ट्रेन में 11 कोच होंगे। इनमें से 10 कोच श्रद्धालुओं के लिए तथा एक कोच सर्विंग स्टाफ के लिए रहेगा। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए खाने-पीने की व्यवस्था, श्रद्धालुओं को तीर्थ स्थल तक पहुंचाने के लिए बसों आदि का प्रबंध तथा ठहरने की व्यवस्था भी हरियाणा सरकार द्वारा निःशुल्क की जाएगी। तीर्थ यात्रा योजना मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत, 60 वर्ष से अधिक आयु के हरियाणा के वरिष्ठ नागरिकों, जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपए से कम है को निः शुल्क पवित्र स्थलों की यात्रा करवाई जाती है।

### कुवि में डॉ. हरदीप आनंद, डॉ. दिनेश कुमार और डॉ. दीपक राय बने एकेडमिक काउंसिल के सदस्य



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार विश्वविद्यालय की एकेडमिक काउंसिल के लिए तीन शिक्षकों को सदस्य नामित किया गया है। कैमिस्ट्री विभाग के प्रोफेसर डॉ. हरदीप आनंद, पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. दिनेश कुमार को तत्काल प्रभाव से तथा जूलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. दीपक राय बब्बर को 25 मार्च से विश्वविद्यालय की एकेडमिक काउंसिल का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति दो वर्ष की अवधि के लिए की गई है। इस संबंध में जानकारी विश्वविद्यालय के लोक संपर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने दी। नवनियुक्त सदस्यों ने कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा का आभार व्यक्त किया है।

### कारीगर लाखों के जेवर व नकदी लेकर फरार

**पानीपत।** सुभाष बाजार स्थित श्यामा ज्वेलर्स के संचालक सचिन वर्मा निवासी न्यू जगन्नाथ विहार की दुकान का कारीगर मोइद्धुल मोलिक करीब 4.85 लाख रुपये कीमत के सोने के जेवर लेकर फरार हो गया। सचिन ने जेवर मरम्मत के लिए कारीगर को दिए थे। मोइद्धुल मोलिक करनाल निवासी सुरजीत के यहां से करीब 3 लाख रुपये के जेवर और 1.20 लाख रुपये की नगदी तथा मोहम्मद अहसान के 34 ग्राम सोने के जेवर लेकर भी फरार हो चुका है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

# भूमि विवाद में दोहरी हत्या के छह आरोपी काबू

- खेत में कहासुनी के बाद खूनी संघर्ष में दो लोगों की चली गई थी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

पुलिस करनाल ने थाना घरौंडा क्षेत्र के गांव मुंडोगढ़ी में जमीनी विवाद को लेकर हुए खूनी झगड़े के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई थाना प्रभारी निरीक्षक इंदर सिंह के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मेहताब पुत्र लियाकत, कामिल पुत्र लीला, सद्दाम पुत्र सबीरा, अफसर पुत्र सबीरा, गयूर पुत्र यामीन तथा वाजिद पुत्र याहिद निवासी गांव मुंडोगढ़ी के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि वीरवार दोपहर खेत में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गई। इस दौरान दोनों पक्षों ने लाठी-डंडों, ईंट-पत्थरों और अवैध हथियारों से एक-दूसरे पर हमला कर दिया। इस खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों के दो व्यक्तियों की मौत हो गई। घटनास्थल से सात ट्रैक्टर, एक मोटरसाइकिल, एक जिंदा कारतूस, गड़ासी सहित अन्य सामान बरामद किया गया है।



**करनाल।** हत्या के आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

## यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट का शानदार प्लेसमेंट प्रदर्शन, कुलगुरु ने विभाग को दी बधाई

# केयू के यूएसएम के 5 विद्यार्थियों को प्लान रियल्टी में 7.20 लाख पैकेज पर प्लेसमेंट

***गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रैक्टिकल ट्रेनिंग का दिखा असर***

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (यूएसएम) ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्लेसमेंट प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विभाग के पाँच प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित रियल एस्टेट कंपनी प्लान रियल्टी में 7.20 लाख रपये के आकर्षक वार्षिक पैकेज पर हुआ है। इस उपलब्धि के लिए कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे विश्वविद्यालय के लिए भी सम्मानजनक मानी जा रही है। यह सफलता विभाग की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, व्यावहारिक प्रशिक्षण तथा उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किए गए पाठ्यक्रम का प्रत्यक्ष परिणाम है। चयनित विद्यार्थियों में जशनदीप कौर, रीतू शर्मा, कीर्ति सैनी, दीप्ति गुसाईं एवं भूमि जैन शामिल हैं।

## 19 छात्र प्लेसमेंट ड्राइव में शॉर्टलिस्ट

**रादौर।** मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में रादौर में शुक्रवार को प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस ड्राइव में गेट गो ट्रिप कंपनी के प्रतिनिधि पहुंचे और उन्होंने विद्यार्थियों का चयन किया। कॉलेज के प्लेसमेंट सेल के इंचार्ज प्रो. आशीष भल्ला मुख्य रूप से मौजूद रहे। उनकी देखरेख में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रो. आशीष भल्ला ने बताया कि इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 47 विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। चयन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं व्यवस्थित तरीके से तीन चरणों में संपन्न किया गया। प्रथम चरण में कंपनी प्रतिनिधियों द्वारा अपनी कंपनी की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके बाद ग्रुप डिस्कशन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की क्षमताए तकनीकी सोचए टीम वर्क का मूल्यांकन किया गया। इस चरण के बाद 19 विद्यार्थियों को शॉर्ट लिस्ट किया गया। अंतिम चरण में चायनित विद्यार्थियों का पर्सनल इंटरव्यू लिया गया। जिसमें से 6 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों तलविंदर कौर, गुरदीप सिंह, कोमल, मनीषा, पलक वर्मा, पूर्वी का चयन किया गया। मौके पर मौजूद कॉलेज की प्राचार्य डॉ. माला शर्मा ने ने विद्यार्थियों को परिश्रम, अनुशासन एवं समर्पण के साथ-साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया । कॉलेज के इंटर्नशिप एवं ट्रेंनिंग सेल के इंचार्ज डॉ. महेंद्र सिंह का भी इसमें विशेष योगदान रहा। उनके द्वारा विद्यार्थियों को समय-समय पर परीक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। जिससे उनके प्रदर्शन में सुधार हुआ। कार्यक्रम में डॉ .चा सीकरी, प्रो. पिंकी रानी, प्रो. सिमरन, प्रो. बंटी कुमार, प्रो. जय चंद का विशेष सहयोग रहा।



**यमुनानगर।** रादौर स्थित मुकंदलाल कॉलेज में खुशी मनाते चयनित विद्यार्थी।

# विदेश भेजने के नाम पर दंपति से हड़पे 4.22 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

विदेश भेजने के नाम पर शहर की आजाद नगर निवासी दंपति से चार लाख 22 हजार रुपये हड़प लिए गए। आरोप सिमरदीप सिद्धू, अनिकेत व अंकित कौशल पर लगा है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की आजाद नगर गली नंबर दो निवासी मनीष कुमार ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी पत्नी पूजा के साथ रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसे पता चला कि सिमर दीप सिद्धू, अनिकेत व अंकित कौशल लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। उसने आरोपियों से संपर्क किया। आरोपियों ने उन दोनों को विदेश भेजकर रोजगार दिलवाने का आश्वासन दिया। वह दोनों आरोपियों की बातों में आ गए। इस दौरान आरोपियों ने अप्रैल 2025 को उससे चार लाख 22 हजार रुपये और उनके दस्तावेज के लिए। आरोपियों ने जल्द ही विदेश भेजने का आश्वासन दिया मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने उन्हें विदेश नहीं भेजा।

जब उन्होंने आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर जब उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने पैसे देने से मना कर दिया। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

खबर संक्षेप

### कंबोज धर्मशाला में होगी प्रशिक्षण कार्यशाला

**यमुनानगर।** भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के अंतर्गत 28 मार्च को कांबोज धर्मशाला में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता नेपाल राणा करेंगे। भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्ण कांबोज ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं के रात्रि ठहराव के भी प्रबंध किए जाएंगे। रात्रि में सांस्कृतिक आयोजन भी होगा। सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी इसमें सहभागिता अनिवार्य है।

### प्रकृति हमारी सबसे बड़ी धरोहर : प्रो.दलजीत

**पानीपत।** देशबन्धु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय में इको क्लब के अंतर्गत राम नवमी के अवसर पर मेगा प्लांटेशन व सेवादान अभियान का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित इको क्लब के अध्यक्ष ग्रीनमैन असिस्टेंट प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि रामनवमी के पावन पर्व पर तकदीर सिंह, अनिल माली व इको क्लब के पर्यावरण प्रहरियों के साथ हर्बल बॉटनिकल गार्डन मे पौधारोपण और श्रमदान चलाया। स्वच्छता अभियान के तहत हर्बल गार्डन में सूखे पत्तों को उठाकर जैविक खाद केंद्र में डाला गया व पौधों की नुलाई-गुड़ाई व सफाई की गई। ग्रीन मैन' प्रो. दलजीत ने कहा कि प्रकृति हमारी सबसे बड़ी धरोहर है और इसे सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

### डीएवी स्कूल में हुआ 101 कुंडीय हवन

**पानीपत।** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में 101 कुंडीय हवन का सफल आयोजन किया। इस पावन अवसर पर डॉ कुलदीप अरोड़ा व इनकी धर्मपत्नी वीना अरोड़ा और पुलिस लाइन के सभी वरिष्ठ नागरिकों ने मुख्यातिथि रूप में शिरकत की। इधर, प्राचार्या सुमिता अरोड़ा ने सभी अतिथिगण का स्कूल परिसर में हार्दिक अभिनंदन किया। इस अवसर पर स्कूल का सम्पूर्ण वातावरण शांति, आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो उठा। वहीं, यह विशेष आयोजन डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी, दिल्ली के अध्यक्ष आर्य रत्न पूनम सूरी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में समर्पित था। यज्ञ में विद्यार्थियों, अभिभावकों, सम्मानित वरिष्ठ अतिथियों एवं शिक्षकगणों ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव से भाग लिया।

### आर्य कॉलेज में प्रतिवेदन लेखन कार्यशाला शुरू

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में अंग्रेजी विभाग की टैगोर समिति द्वारा प्रतिवेदन लेखन कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य डॉ सतवीर सिंह के स्वागत एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। वहीं, प्राचार्य डॉ. सिंह, टैगोर समिति की संयोजिका डॉ. नीलम, विभाग के सभी सदस्यों व मंच संचालिका, टैगोर समिति की सदस्य बीए इंग्लिश ऑनर्स द्वितीय की छात्रा मानसी ने दीप प्रज्वलित किया। जबकि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों में सटीक निर्णय लेने में सहायता, जटिल जानकारी का सरलीकरण, कार्य में पारदर्शिता, भविष्य के संदर्भ के लिए दस्तावेज़ीकरण, और पेशेवर संचार को प्रभावी बनाना शामिल है।

## कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने की बैठक की अध्यक्षता

# लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में नौ परिवादों का हुआ निपटान

एडीसी नवीन आहूजा, कष्ट निवारण समिति के मेंबर प्रियांक शर्मा व संगीता सिंघल को सटीक जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** जिला कष्ट निवारण समिति की अध्यक्षता करते मंत्री कृष्ण बेदी।

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिताए अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण और अंत्योदय, सत्कारए वास्तुकला मंत्री कृष्ण कुमार बेदी की अध्यक्षता में जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक जिला सचिवालय के सभागार हुई। बैठक में पहले से निर्धारित 15 परिवाद रखे गए। जिनमें से कैबिनेट मंत्री ने 9 परिवादों को मौके पर ही समाधान करके फाइल कर दिया तथा शेष 6 परिवादों को आगामी बैठक तक हल करने के निर्देश दिए।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने जिन 9 परिवादों का मौके पर ही निपटान करके फाइल करने के निर्देश दिएए जिनमें परिवाद नम्बर 2 में गांव गधौली निवासी राजिन्द्र सिंह ने चतंग नदी पर पटरी से मिट्टी हटाने बारे, परिवाद नम्बर.3 में गांव भवानीपुर निवासी अनुज ने संजीव कुमार सरपंच व रणबीर सिंह के खिलाफ पंचायती पेड़ काटने की शिकायत दी जिस पर कैबिनेट मंत्री ने वन विभाग को निर्देश दिए कि किसान को नोटिस दें और कटे पेड़ की रिकवरी कर पंचायत में जमा करें। परिवाद नम्बर.4 में याकुबपुर निवासी जीतो ने पिछली बैठक में घर के आंगन में से ट्रांसफार्मर हटवाए जाने बारे शिकायत दी जिस पर कैबिनेट मंत्री ने बिजली विभाग को निर्देश दिए थे कि ट्रांसफार्मर हटवाएं, बिजली विभाग ने ट्रांसफार्मर को हटवा दियाए जिसके लिए जितो ने ट्रांसफार्मर हटवाए जाने पर कैबिनेट मंत्री का धन्यवाद किया। परिवाद नम्बर.5 में गांव खारवन निवासी सुनीता रानी ने पड़ोसी रवि कुमार के खिलाफ शिकायत बारेए परिवाद नम्बर.7 में सुथरान गली, जगाधरी निवासी अनिल कुमार मनचंदा ने नगर निगम के खिलाफ शिकायत बारे। परिवाद नम्बर.8 में विष्णुनगर जगाधरी निवासी गोविंद प्रसाद ने प्लाट की पार्ट आईडी बनाने बारेए परिवाद नम्बर.10 में गांव लापरा निवासी कामिल ने रास्ता खुलवाने बारे, परिवाद नम्बर.13 में गांव माथोर जिला दरभंगा बिहार निवासी धर्मेन्द्र कुमार दास ने मशीन पर लेबर का काम करते हुए हाथ पर गहरी चोट लगने पर मालिक के खिलाफ हर्जा.खर्चा न देने बारे। परिवाद नम्बर.15 में गांव रझेड़ी निवासी सुरेश कुमार काम्बोज ने कार्यकारी अभियंता पंचायती राज द्वारा बिजली का काम करवाकर पेमेंट न देने बारे शिकायत की थी, जिनकी सुनवाई के उपरांत संबंधित विभागों द्वारा उक्त परिवादों के निपटान हेतु की गई कार्यवाही से शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि के बाद हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने उक्त परिवादों को फाईल करने के निर्देश दिए।

### इन शिकायतों पर दिए समाधान के निर्देश

जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में परिवाद नम्बर.1 में गांव लवाना निवासी अनिल कुमार ने आरोपीगण मंजीत सिंह, सोनू फौजी, गगन, लखविंदर को तुरंत प्रभाव से गिरफ्तार करने बारेए परिवाद नम्बर.6 में सैक्टर.17 हुड्डा जगाधरी निवासी महेन्द्र तनेजा ने प्रॉपर्टी आईडी के कुछ टुकड़ों को अप्रूव कर रजिस्ट्री किए जाने बारे शिकायत पर कैबिनेट मंत्री ने अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, कार्यकारी अभियंता नगर निगम, कष्ट निवारण समिति के मेंबर प्रियांक शर्मा व संगीता सिंघल को ठीक प्रकार से जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। परिवाद नम्बर.9 में बसंत नगर, जगाधरी निवासी विजयदीप सिंह ने बसंत नगर जगाधरी के पास हुड्डा की जमीन में अवैध कॉलोनी काटे जाने पर डीटीपी व नगर निगम यमुनानगर द्वारा कार्यवाही करने बारे शिकायत पर कैबिनेट मंत्री ने जांच कर रिपोर्ट देने के लिए अधिकारियों की डयूटी लगाई, परिवाद नम्बर.11 में गांव संरावा निवासी जसविंद्र सिंह डिपोधारक ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत पीडीएस लाइसेंस की राशन सप्लाई को बिना पक्ष सुने कार्यवाही करने बारे शिकायत पर कैबिनेट मंत्री ने अतिरिक्त उपायुक्त को जांच कर रिपोर्ट देने के आदेश दिए।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर विधायक घनश्यामदास अरोड़ा, उपायुक्त प्रीति, पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल, नगर निगम आयुक्त महावीर प्रसाद, अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, जिला परिषद के चेयरमैन रमेश ठसका, एसडीएम विश्वनाथ,एसडीएम जसपाल सिंह गिल, आईएएस अंडर ट्रेनिंग सुमन यादव, सीटीएम पीयूष गुप्ता, डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार, मार्किट कमेटी यमुनानगर के चेयरमैन राकेश त्यागी आदि उपस्थित रहे।

# बाजारों में अतिक्रमण करने पर होगी कार्रवाई : हरजीत



**यमुनानगर।** रेलवे मार्ग से अतिक्रमण हटवाते हुए निगम के कर्मचारी।

- नगर निगम यमुनानगर प्रशासन ने शहर के रेलवे मार्ग से हटवाया अतिक्रमण
- निगम सीएसआई हरजीत सिंह ने दुकानों के समक्ष अतिक्रमण नहीं करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ट्विन सिटी को सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए नगर निगम यमुनानगर की टीम ने शहर के रेलवे मार्ग से अतिक्रमण हटवाया। इस दौरान दुकानदारों व आमजन को सड़कों व बाजारों में अतिक्रमण नहीं करने के निर्देश दिए। साथ ही नगर निगम प्रशासन द्वारा दुकानदारों व अन्य को दोबारा अतिक्रण करने पर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी।

नगर निगम के निगमायुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर सीएसआई हरजीत सिंह के नेतृत्व में निगम की टीम सीएसआई विनोद बेनीवाल और सीएसआई हरजीत सिंह के नेतृत्व में टीमों ने शहर के रेलवे मार्ग समेत अन्य स्थानों पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाया। इस दौरान जैसे ही निगम की टीमों ने अतिक्रमण हटाना शुरू किया तो दुकानदारों में हडकंप मच गया। दुकानदारों ने स्वयं दुकानों के बाहर सड़क पर रखा सामान उठाकर दुकानों के भीतर रखना शुरू कर दिया। इस दौरान टीम द्वारा जो भी सामान दुकान के बाहर मिला उसे उठा कर जब्त किया जाए। इस दौरान निगम के सफाई निरीक्षकों ने दुकानदारों को दुकानों के समक्ष अतिक्रमण न करने के बारे समझाया। साथ ही उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी दी कि यदि फिर से अतिक्रमण किया तो सामान जब्त करने साथ चालान किया जाएगा। इस अवसर पर सीएसआई हरजीत सिंह ने कहा कि अतिक्रमण से आमजन को सड़कों से निकलने पर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा यातायात प्रभावित होता है और जाम की स्थिति बनी रहती है। जनहित को ध्यान में रखते हुए समय समय पर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि बाजारों में दुकानदारों के द्वारा अतिक्रमण करने पर यातायात व लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# निगम ने होटल व क्लबों में जांची कम्पोस्टिंग व्यवस्था

- स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर निगम की टीम ने बीडब्ल्यूजी संस्थानों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** बीडब्ल्यूजी संस्थान का निरीक्षण करती निगम की टीम।

स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर नगर निगम ने अपनी तैयारियों को तेज कर दिया है। इसी कड़ी में निगम की टीम द्वारा शहर के बल्क वेस्ट जनरेटर श्रेणी में आने वाले विभिन्न होटलों, रिजॉर्ट्स, मैरिज पैलेस और क्लबों का निरीक्षण किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गीले कचरे के वैज्ञानिक निपटान और स्रोत पर कचरा पृथक्करण को सुनिश्चित करना है।

निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार के मार्गदर्शन में बीडब्ल्यूजी संस्थानों की जांच के लिए निरीक्षण टीम गठित की गई। जिसमें सफाई निरीक्षक सुशील शर्मा, पंकज कुमार, प्रदीप दहिया, सचिन कांबोज के अलावा स्वच्छ भारत मिशन शहरी के विशेषज्ञ दुर्गेश कुमार और प्रोसेसिंग एजेंसी से रमन कुमार व रवि कुमार शामिल रहे। शुक्रवार को टीम ने शहर के प्रमुख संस्थानों सफायर होटल, सौंदर्य रिजॉर्ट, गुप्ता रिजॉर्ट, कर्ण रिजॉर्ट, जिमखाना क्लब, जगाधरी क्लब, कान्हा उपवन आदि का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जांच के दौरान टीम ने गीले कचरे से खाद बनाने की व्यवस्था और कम्पोस्ट पिट की स्थिति की पड़ताल की। कई संस्थानों में कम्पोस्ट पिट सही तरीके से संचालित पाए गए लेकिन कुछ स्थानों पर कम्पोस्टिंग की व्यवस्था नहीं मिलने पर टीम ने संचालकों को जल्द से जल्द कम्पोस्ट पिट स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निगम का लक्ष्य शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में शीर्ष रैंकिंग दिलाना है।

# एक अप्रैल से शुरू होगी गेहूं की खरीद रादौर मंडी में अव्यवस्थाओं की भरमार

- मार्केट कमेटी की ओर से लाखों खर्च करने पर भी शौचालयों की हालत खस्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



**रादौर।** अनाजमंडी में बनाए गए शौचालय में पसरी गंदगी।

अनाजमंडी में 1 अप्रैल से गेहूं की खरीद का कार्य शुरू होने जा रहा है। लेकिन मंडी में अव्यवस्थाओं की भरमार है। आलम यह है कि मंडी के गेट नंबर.1 पर बने शौचालय में गंदगी पसरी हुई है। जिससे हर समय वातावरण दूषित रहता है। हर महीने सफाई व्यवस्था पर मार्केट कमेटी की ओर से लाखों रूपये खर्च किए जा रहे है। लेकिन मंडी में बने शौचालयों में पानी की व्यवस्था तक नहीं है। शौचालय में शौच करना तक दुर्भर हो गया है। बार-बार शिकायत करने पर भी शौचालयों की कोई सुध तक नहीं ली जा रही है। मामले को लेकर समाजसेवी डॉ. लाभ सिंह नाचरौन की ओर से मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि मंडी में 1 अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू की जा रही है। लेकिन मंडी के शौचालयों में गंदगी पसरी हुई है। मार्केट कमेटी के चेयरमैन रूपेंद्र मल्ली ने बताया कि मंडी में सफाई व्यवस्था को लेकर कड़े प्रबंध किए गए है। यदि कोई कमी होगी तो उसे दूर करवा दिया जायेगा।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

- आरोपी ने युवती को शादी करने से किया मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

व्यासपुर थाना क्षेत्र में युवक ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी ने युवती को शादी करने से मना कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

व्यासपुर थाना क्षेत्र निवासी 28 वर्षीय युवती ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी करण नामक युवक के साथ जान पहचान थी। आरोपी ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और उससे शादी करने के लिए बोलने लगा। 29 दिसंबर 2025 को आरोपी ने उसे मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपी से मिलने के लिए गई तो आरोपी उसे एक होटल में ले गया। जहां आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि इसके बाद भी आरोपी उसे शादी का झांसा देकर गलत काम करता रहा। बाद में आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया। जब उसने आरोपी का विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और उसे जान से मारने की धमकी दी।

# अपराध पर अंकुश के लिए किराएदारों का वेरीफिकेशन करवाना जरुरी : कमलदीप

- वेरीफिकेशन करवाने में लापरवाही करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



**यमुनानगर।** लोगों से वेरिफिकेशन का आह्वान करते एसपी कमलदीप गोयाल।

जिला प्रशासन द्वारा आपराधिक प्रवृति के लोगों पर कार्रवाई करने के लिए जिलेवासियों को अपने किराएदारों व घरेलू नौकरों का वेरिफिकेशन करवाए जाने के लिए आहवान किया गया है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने वेरिफिकेशन करवाए जाने में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आपका किराएदार या घरेलू नौकर अपराधिक प्रवृत्ति का भी हो सकता है या फिर किसी अपराधिक वारदात का वाछिंत आरोपी भी हो सकता है। इसलिए मकान व दुकान मालिक पूरी सतर्कता बरतें और पुलिस वेरीफिकेशन अवश्य करवाएं। उन्होंने कहा कि अपराधिक किस्म के लोगों पर और अधिक कारगर ढंग से अंकुश लगाने के लिए किराएदारों व घरेलू नौकरों की पुलिस वेरीफिकेशन करवाना अत्यंत जरुरी है। एसपी ने कहा कि पुलिस सत्यापन में लापरहवाही बरतने पर मकान, संस्थान व दुकान मालिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सुरक्षा को लेकर हाई अलर्ट मोड़ पर है पुलिस

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि जिला पुलिस सुरक्षा की दृष्टि से हाई अलर्ट मोड़ पर है। उन्होंने बताया कि सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अपने अपने थाना क्षेत्राधिकार में पड़ने वाले होटल, ढाबों, धर्मशालाओं, मकान व दुकान में बाहर से आकर काम करने वालों को चिन्हित कर उनका अपराधिक रिकार्ड खंगाले तथा संदिग्ध किस्म के लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें।



**रादौर।** मेधावी बच्चों को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।

### हवन से वैदिक संस्कृति का होता है प्रवाह : कल्पना

**रादौर।** जनता पब्लिक स्कूल में एनुवल रिजल्ट डे का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा प्री नर्सरी से नौवीं व 11वीं कक्षा तक के बच्चों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। प्रिंसिपल डॉ. कल्पना बजाज ने बताया कि शुक्रवार को विद्यालय में परीक्षा परिणाम घोषित किए गए, जिस पर सभी बच्चों के अभिभावकों मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य सभी प्रकार से बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। आज के समय में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी अति आवश्यक है। विद्यालय में साप्ताहिक हवन का आयोजन किया जाता हैं, ताकि बच्चों में वैदिक संस्कृति की धारा भी प्रवाहित होती रहे। कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मौके पर अखिल कंबोज, हिमांशु शर्मा, संदीप कुमार, प्रिंस शर्मा, रवि कुमार, शोभा, मीनाक्षी, पूनम, निशा आदि रहे।

# जसवंत बने पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के ब्लॉक चेयरमैन

- यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सत्यपाल वर्मा ने मुख्यातिथि के रुप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



**रादौर।** नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए यूनियन के सदस्य।

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन शाखा रादौर के सदस्यों की कस्बा स्थित कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में यूनियन की ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया गया। मुख्यातिथि के रुप में यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सत्यपाल वर्मा ने भाग लिया।

मुख्यातिथि ने बताया कि जसवंत कश्यप को सर्वसम्मति से ब्लाक चेयरमैन, रविंद्र कांबोज को ब्लाक प्रधान बनाया गया है। वहीं, विशाल कुमार को सचिव, सागर को कोषाध्यक्ष, लखमीरा व साहिल को उपप्रधान नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को फुलमालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। संगठन सचिव अविनाश चौहान ने पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण करवाकर पदभार ग्रहण करवाया। चेयरमैन जसवंत कश्यप ने कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेवारी दी है। उसका वह अपनी पूरी ईमानदारी से पालन करेंगे और संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम करेंगे।

## शोभायात्रा में भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु

# नमर्दिश्वर मंदिर में मनाया खाटू श्याम का स्थापना दिवस

मुख्यातिथि के रूप में निगम के पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर पवन बिट्टू ने किया यात्रा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** शोभायात्रा में शामिल हुए मुख्यातिथि को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित करते हुए आयोजक। *फोटो : हरिभूमि*

नर्मदेश्वर महादेव मंदिर रामपुरा कालोनी में श्री खाटू श्याम के स्वरूप का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान शोभायात्रा भी निकल गई । जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा का शुभारंभ मुख्यातिथि के रुप में निगम के पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर पवन बिट्टू ने किया। मौके पर पार्षद भावना बिट्टू व समाजसेवी सहज दुग्गल मौजूद रहे। श्री खाटू श्याम के स्वरुप स्थापना दिवस के अवसर पर मंदिर को खूब सजाया संवारा गया। सुबह के वक्त सबसे पहले खाटू श्याम जी का श्रृंगार किया गया। इसके बाद हवन यज्ञ हुआ। जिसमें एक दर्जन से ज्यादा यजमान शामिल हुए । मंदिर के पुजारी पंडित जय प्रकाश भट्ट चंद्र ने विधि विधान के साथ यज्ञ में आहुतियां डलवाईं। इसके बाद बैंड बाजों व ढोल नगाड़ों के साथ विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान सभी श्रद्धालुओं ने बाबा खाटू श्याम के जयकारे लगाकर पूरे वातावरण का भक्तिमय कर दिया। यात्रा का शहर में भक्तजनों द्वारा जगह जगह पर भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालु जमकर झुमते हुए नजर आए। मंदिर कमेटी के प्रधान राजेश नंदा ने बताया कि पिछले वर्ष मंदिर में खाटू श्याम जी का स्वरूप स्थापित किया गया था। उन्होंने बताया कि जल्द ही मंदिर में शिवलिंग की स्थापना की जाएगी। यह शिवलिंग उज्जैन से मंगवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि लोगों में भगवान के प्रति आस्था लगातार बढ़ रही है। धार्मिक सम्मेलनों में लोग बढ़-चढ़कर भाग ले रहे है। मौके पर भावना नंदा, चंद्र मोहन नंदा, सोनू गांधी व भोजराज दत्ता आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### भागवत प्रसंग वर्णन से भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**कुरुक्षेत्र।** धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के ब्रह्म सरोवर पावन तट पर श्रीमद्भागवत कथा का भव्य शुभारंभ श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। कथा के प्रथम दिन कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भक्ति गीतों के साथ भाग लिया। पूरे क्षेत्र में जय माता दी और हरि नाम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। ब्रह्म सरोवर के शांत एवं पवित्र वातावरण से भक्त जन आनंदित हो गये। भागवत महापुराण कथा धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में श्रीजय राम आश्रम के मुख्य मंदिर में रहेगी।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ जनता के बीच जाएगी आप

**कुरुक्षेत्र।** आम आदमी पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने पिपली रोड स्थित एक निजी पैलेस में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया, डॉ. संजय सिंह सहित करीब 23 नेताओं को तथाकथित झूठे व भाजपा द्वारा मनगढ़ंत शराब घोटाले के मामले में बरी किया जाना और दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा सीबीआई की याचिका को खारिज किया जाना यह साबित करता है कि भाजपा की पूरी साजिश झूठ और राजनीतिक द्वेष पर आधारित थी।

### बाबा मुराद शाह युवा संस्था का तीसरा मेला सैयां दा आज

**पिहोवा।** बाबा मुराद शाह युवा संस्था की ओर से अनाज मंडी पिहोवा में मेला सैयां दा का तीसरा भव्य आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक नगरी पिहोवा में इस समागम को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह बना हुआ है। संस्था के प्रधान बिट्टू प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पावन आयोजन में शहर के गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक संस्थाएं और बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे।

### श्रीअग्र भागवत कथा को लेकर निकाली कलश यात्रा

**कुरुक्षेत्र।** धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में दूसरी बार हो रही अग्र भागवत कथा को लेकर अग्रवाल समाज में उत्साह व्याप्त है। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की कुरुक्षेत्र इकाई द्वारा रेलवे स्टेशन के नजदीक अग्रवाल धर्मशाला में 29 मार्च तक होने वाली अग्र भागवत कथा में शामिल होने के लिए कुरुक्षेत्र के अलावा लाडवा, पिहोवा, शाहाबाद मारकंडा, कैथल, करनाल, अंबाला, यमुनानगर-जगाधरी सहित पानीपत आदि शहरों से बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के लोग शामिल हुए।

### सरकार की योजनाओं से हर वर्ग को मिल रहा लाभ

**पिहोवा।** भाजपा लीगल सेल के प्रदेश सदस्य सुशांत भारती ने स्थानीय कार्यालय में आयोजित बैठक में कार्यकतार्ओं को संबोधित करते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों और उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है।

उत्तर प्रदेश से आए टीवी कलाकार राकेश राणा ने भी मां भद्रकाली के चरणों में अपनी मधुर वाणी से भक्ति का रस बिखेरा

गौरव महादेव समूह, हरियाणा ने अद्भुत झांकियों की प्रस्तुति कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर किया

# भक्ति के सुरों से गूंजा मां भद्रकाली का दरबार हेमंत बृजवासी व राकेश राणा ने बांधा समां





कुरुक्षेत्र। जागरण में दिखाई गई झांकी, भजनों की प्रस्तुति देते कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर में आनंद महोत्सव के अंतर्गत नवरात्रि के पावन अवसर पर श्रीदुर्गाष्टमी जागरण का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध फिल्म प्लेबैक गायक एवं टीवी कलाकार, राइजिंग स्टार एवं सारेगामा लिटिल चैंप विजेता हेमंत बृजवासी ने अपने भजनों से माँ का दरबार सजाया। वहीं उत्तर प्रदेश से आए टीवी कलाकार राकेश राणा ने भी माँ भद्रकाली के चरणों में अपनी मधुर वाणी से भक्ति का रस बिखेरा। गौरव महादेव समूह, हरियाणा ने अद्भुत झांकियों की प्रस्तुति कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। इस शुभ अवसर पर हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री के भाई एवं एडीसी मोहिन्दर सिंह सैनी मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित रहे तथा हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंदर कल्याण की बहन नैना सिंह एवं जीजाजी कुलदीप सिंह भी उनके प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे। कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश गिरिश चंद्र गुप्ता भी मां भद्रकाली के जागरण में अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### मां भद्रकाली जागरण में भव्य आयोजन सम्पन्न

सर्वप्रथम पीठाध्यक्ष पं. सतपाल शर्मा के सान्निध्य में आर. एस. अग्रवाल द्वारा माँ भद्रकाली के उत्सव श्रीविग्रह को गर्भगृह से पालकी में विराजित कर जागरण पंडाल तक लाया गया। 52 परिवारों द्वारा 52 शक्तिपीठों की प्रतीक ज्योतियाँ भी प्रज्वलित की गईं। इस अवसर पर नवदुर्गा एवं भारत माता पूजन के मुख्य यजमान हल्दीराम समूह के प्रबंध निदेशक मधुसूदन अग्रवाल, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, हेमंत वालिया, प्रवीन रानी, लवकुश सिंगला, संदीप, प्रशांत अरोड़ा, विशाखा अशोक राणा, पंकज गोयल, रानी एवं देवेंद्र सिंगला, तुषार सैनी, राहुल राणा सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। जागरण पंडाल में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। गौरव महादेव समूह द्वारा महाकाली के आठ स्वरूपों की भव्य झांकी प्रस्तुत की गई। इसके उपरांत महाआरती संपन्न हुई तथा 52 स्काईशॉट्स के माध्यम से आतिशबाजी भी की गई। कन्या श्लोका पंडित ने सप्तश्लोकी दुर्गा के मंत्रों का उच्चारण किया। जागरण में सुप्रसिद्ध गायक हेमंत बृजवासी ने भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को भाव-विभोर कर दिया तथा देशभक्ति गीत से भी माहौल को ओत-प्रोत किया। टीवी कलाकार राकेश राणा ने भी माँ के भजन प्रस्तुत किए। जागरण का मंच संचालन मीना जोशी द्वारा किया गया तथा सहयोग देवांशु शर्मा ने दिया। कार्यक्रम का समापन प्रातः 5 बजे तारा रानी की कथा एवं समापन आरती के साथ हुआ। मंगला आरती में विशेष रूप से 52 परिवारों ने भाग लिया तथा मुख्य यजमान के रूप में नरेश-मुकेश रोहिला उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष डॉ. एम. के. मौदगिल, सेवा प्रमुख देवेंद्र गर्ग, संयोजक सुनील वर्मा, संचालक संजीव मित्तल, देवीदयाल शर्मा, ऋषि तोमर, आशीष दीक्षित, राजकुमार, दिनेश कंसल, सुनील जांगड़ा, विशु संधू, हाकम चौधरी सहित सैकडों सेवादार उपस्थित रहे।

### दक्षिणा काली पीठ में हनुमान जन्मोत्सव पर अखंड रामचरितमानस पाठ व भंडारे का आयोजन



पिहोवा। मंदिर में स्थापित बाल हनुमान एवं जानकारी देते स्वामी खटवांग पुरी।

**पिहोवा।** श्रीदक्षिणा काली पीठ मॉडल टाउन में दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए स्वामी खटवांग पुरी ने बताया कि पीठ के पीठाधीश्वर श्रीमहंत बंसी पुरी महाराज के सानिध्य में बाल स्वरूप हनुमान मंदिर में 31 मार्च एवं 1 अप्रैल को श्रीरामचरितमानस के अखंड पाठ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि 31 मार्च मंगलवार को प्रातः 10 बजे रामचरित मानस के अखंड पाठ का शुभारंभ होगा तथा 1 अप्रैल बुधवार को अखंड रामचरितमानस पाठ का समापन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में समाजसेवी विपिन काहडा एवं विनोद डोलिया हिस्सा लेंगे।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में महिला संकीर्तन मंडल, दक्षिणा काली पीठ संकीर्तन मंडल, पृथ्वेश्वर महादेव मंदिर बड़ा शिवालय संकीर्तन महिला मंडल, महिला सनातन सेवा समिति, जय श्री राम संकीर्तन मंडल, श्री एकादशी संकीर्तन मंडल सहित एवं अनेक धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाएं सहित अनेक गण्यमान्य लोग शामिल होंगे।

### कन्या पूजन, संत समागम व भंडारे के साथ संपन्न हुआ नवरात्रि दुगार्पूजा महोत्सव



पिहोवा। संत महात्माओं से आशीर्वाद लेते भारत भूषण भारती व अन्य प्रतिष्ठित जन।

**पिहोवा।** शिवपुरी रोड़ स्थित श्री गोबिंदानंद आश्रम में श्रीमंहत बंसी पुरी महाराज, महंत सर्वेश्वरी गिरी के सानिध्य में नवरात्रों के निमित्त चल रहे पाठात्मक सहस्त्र चंडी महायज्ञ का पूणार्हुति, कन्या पूजन, संत-महात्माओं के प्रवचन एवं विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ। श्रद्धालुओं द्वारा यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर पुण्य अर्जित किया गया। महायज्ञ के मुख्य यजमानों ने पूणार्हुति में भाग लेकर पुण्य कमाया। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर स्वामी विद्या गिरि, महंत जगन्नाथ पुरी, मंहत तरण दास, महंत विश्वनाथ गिरी, स्वामी धीरज पुरी, महंत भीम पुरी, स्वामी महेश पुरी, स्वामी चमन गिरी सहित अनेक संत महात्माओं ने दिव्य धार्मिक कार्यक्रम में पहुंचकर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार भारत भूषण भारती ने कहा कि यज्ञ एक श्रेष्ठ कर्म है इसे समय-समय पर किया जाना अति उत्तम है।

### श्रीदुर्गा देवी मंदिर में रामनवमी पर संकीर्तन का आयोजन, भक्ति में भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**कुरुक्षेत्र।** श्रीदुर्गा देवी मंदिर पिपली, कुरुक्षेत्र में राम नवमी पर संकीतर्न का आयोजन किया गया। मंदिर के पीठाधीश और समर्थगुरु धारा हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं में माना जाता रहा है कि भगवान श्रीराम का जन्म चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी को हुआ था, जो कि हिंदू धर्म को मानने वाले भगवान श्रीराम नवमी के रूप में मनाते हैं। नवरात्रि के 9 दिन मां दुर्गा के 9 रूपों की पूजा होती है और सबसे अंत में भगवान श्रीराम नवमी मनाई जाती है। घरों और मंदिरों में पूरे विधि विधान से भगवान श्रीराम और माता सीता की पूजा अर्चना होती है। शास्त्रों और पुराणों के अनुसार भगवान राम भगवान विष्णु जी के सातवें अवतार थे। धर्म की रक्षा के लिए उन्होंने अपना पूरा जीवन लगा दिया और अच्छे आचरण का उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए उन्होंने स्वयं को आदर्श पुरुष के रूप में कर्म किया। इसलिए उन्हें ही मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम भगवान कहा जाता है। ट्वीटर के माध्यम से समर्थगुरू धारा, मुरथल, हरियाणा के संस्थापक आदरणीय समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया ने बताया कि अब तक तुमने जो भी कर्म किए, वह तुम्हारी भूमिका थी, तुम्हारा रोल था। जो फल मिले, वह तुम्हारी नियति थी, डेस्टिनी थी। दोनों प्रभु द्वारा निर्धारित हैं। फिर कैसा शोक, कैसा विषाद! प्रभु की लीला चल रही है। श्रीदुर्गा देवी मंदिर के पुजारी पण्डित राहुल मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चारण से मुख्य यजमान सीमा शर्मा और नेहा शर्मा के परिवार से नवग्रह पूजा और मां दुर्गा की अर्चना करवाई। समस्त विश्व कल्याण हेतु श्री दुर्गा चालीसा का पाठ व संकीर्तन हुआ जिसमें शिमला धीमान, सुमित्रा पाहवा, सुरेन्द्र कौर, संगीता तलवाड़, ऊषा शर्मा , मोनिका गर्ग, आशा कवातरा पायल सैनी , निशा अरोड़ा व भक्त सुशील तलवाड़ ने माँ दुर्गा की भेंटे गायी। माँ दुर्गा की आरती और कीर्तन के पश्चात सभी भक्तों को श्रद्धा भावना से प्रसाद वितरण किया गया।



कुरुक्षेत्र। संकीर्तन में मौजूद श्रद्धालु।

### श्रीराम नवमी सेवा, त्याग व धर्म का पालन करने का संदेश देता है : डॉ. श्रीप्रकाश

**कुरुक्षेत्र।** रामनवमी का सामाजिक महत्व मर्यादा, नैतिकता और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने में है। यह पर्व भगवान राम के आदर्श जीवन के माध्यम से समाज में धर्म, सत्य, न्याय और करुणा के मूल्यों को सुदृढ़ करता है। यह त्योहार आपसी भाईचारे का संदेश देता है, सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देता है और श्रीराम नवमी का पर्व समाज में नेतृत्व को शक्ति के बजाय सेवा, त्याग और धर्म का पालन करने का संदेश देता है है। यह विचार श्रीराम नवमी के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित रामोत्सव कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किए। रामोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा श्रीराम स्तुति से हुआ। मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने रामोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा श्रीराम नवमी का पर्व हमें यह संदेश देता है कि समाज का विकास केवल आर्थिक प्रगति से नहीं बल्कि नैतिक मूल्यों और न्यायपूर्ण व्यवस्था से संभव है। कार्यक्रम को बतौर अतिविशिष्ट अतिथि संबोधित करते हुए कहा राष्ट्र प्रेम मंच के अध्यक्ष विजय सैनी ने कहा रामनवमी हमें भगवान राम के आदर्श समाज राम राज्य के दृष्टिकोण की याद दिलाती है, जो न्याय, समानता और सभी के कल्याण पर आधारित है। कार्यक्रम को मास्टर सतीश, एडवोकेट गुलशन सैनी, रामेश्वर यादव, विशु अत्री ने बतौर विशिष्ट अतिथि संबोधित किया। कार्यक्रम के समापन पर मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। सभी अतिथियों को मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



### जय ओंकार आश्रम में मनाया रामनवमी पर्व, कन्याओं का पूजन करके लगाया भंडारा

**कुरुक्षेत्र।** जय ओंकार अंतरराष्ट्रीय सेवाश्रम संघ में शुक्रवार को रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। संघ संस्थापक स्वामी शक्तिदेव महाराज, स्वामी संतोष ओंकार महाराज और स्वामी संदीप ओंकार महाराज ने आश्रम में स्थापित भगवान राम दरबार का पूजन किया। इस दौरान भगवान राम की आरती करके सबके कल्याण की कामना की गई। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भी पहुंचे। सभी ने भगवान राम की पूजा से पहले चेत्र नवरात्र की नवमी होने पर देवी मां के नौवें स्वरूप की भी आराधना की गई। साथ ही स्वामी श्रीशक्ति देव जी महाराज ने कन्याओं का पूजन करके भोग लगाया गया। इस दौरान भगवान राम और देवी मां के जयकारे गूंजे। इससे पहले ओंकार यज्ञ का भी आयोजन हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियां डाली। यज्ञ की पूणार्हुति सतगुरु द्वारा डाली गई। स्वामी शक्तिदेव महाराज ने श्रद्धालुओं को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें ईश्वर के सभी पर्वों को उत्साह से मनाना चाहिए। नवरात्र और रामनवमी के दिन का अपना ही महत्व है। भगवान राम मयार्दा पुरुषोत्तम हैं, उनके जीवन से भी हमें अपना जीवन जीने की सीख मिलती है। जो व्यक्ति भगवान राम के जीवन का अनुसरण करते हुए आगे बढ़ता है, उसे जीवन में कभी निराशा नहीं मिलती।



## एचपीवी टीकाकरण अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर विद्यालय के केशव सदन में की बैठक

- एचपीवी टीकाकरण अभियान भविष्य की पीढ़ी को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम : विनोद कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। सरकारी एवं निजी विद्यालयों के प्राचार्यों को संबोधित करते जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक।

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान से संबंधित जानकारी साझा करने हेतु एक बैठक का आयोजन किया गया। किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर विद्यालय के केशव सदन में विस्तृत बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले के सरकारी एवं निजी विद्यालयों के प्राचार्यों ने भाग लिया तथा अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर डॉ. तरसेम कौशिक, सतबीर कौशिक, लक्ष्मी प्रसाद शर्मा, रमेश कुमार, विजेंद्र कुमार, डॉ. अशोक शर्मा, आनंद शर्मा, राज कपूर, सुनील कपूर, तनुपमा शर्मा, रितु गुप्ता, डॉ. सुदेश जांगड़ा, सुनील कपूर सहित अनेक विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने सभी प्राचार्यों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को जागरूक करने के लिए विशेष प्रयास करें तथा विद्यालय स्तर पर इस अभियान को गंभीरता से लागू करें। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल स्वास्थ्य सुरक्षा बल्कि भविष्य की पीढ़ी को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बैठक के दौरान डॉ. सैलजा ने एचपीवी टीकाकरण अभियान की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह अभियान 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी तथा 15 वर्ष से कम आयु की किशोरियों के लिए चलाया जा रहा है।

### मासूम शर्मा एवं जगबीर राठी आज करेंगे धमाल

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित 8वें हरियाणा अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सांस्कृतिक रंगों के साथ-साथ हरियाणवी संगीत की गूंज भी सुनाई देगी। महोत्सव के दौरान मशहूर हरियाणवी गायक मासूम शर्मा अपनी लाइव प्रस्तुति से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। उनके कार्यक्रम को लेकर विद्यार्थियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा संस्कृति सोसाइटी फॉर आर्ट एंड कल्चरल डेवलपमेंट, कुरुक्षेत्र के सहयोग से 8वें हरियाणा अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में देश-विदेश की फिल्मों के प्रदर्शन के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आयोजित होने वाली संगीत संध्या में मासूम शर्मा व जगबीर राठी अपने लोकप्रिय हरियाणवी गीतों से माहौल को यादगार बना देंगे।

## जल-संरक्षण के लिए कार्ययोजना करें तैयार

- जिले के अधिकांश ब्लॉक डार्क जोन की ओर बढ़ रहे हैं, जो भविष्य के लिए गंभीर संकेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते सासंद नवीन जिंदल।

आने वाले समय में संभावित जलसंकट को लेकर गंभीर चिंतन और सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर देते हुए सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि जल-संरक्षण अभियान एक अनिवार्य जिम्मेदारी है। उन्होंने आह्वान किया कि जलसंकट का सामना करने के लिए प्रशासन और समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर अभियान चलाना होगा। सांसद नवीन जिन्दल की अध्यक्षता में आयोजित छठी जिला स्तरीय निगरानी बैठक में विभिन्न विकासात्मक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें जलसंकट प्रमुख विषय के रूप में उभरा। बैठक में अधिकारियों, विशेषज्ञों और संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और कुरुक्षेत्र में जलस्तर की गिरती स्थिति पर गंभीर मंथन किया। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि अक्सर किसी समस्या के गंभीर रूप लेने के बाद ही उस पर ध्यान दिया जाता है, जबकि आवश्यकता इस बात की है कि समय रहते ही उसके समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। जल-संरक्षण का विषय भी ऐसा ही है, जिस पर अभी से व्यापक स्तर पर जागरूकता और योजना बनाना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि जलसंकट से निपटने के लिए सरकार के प्रयासों के साथ- साथ, जनभागीदारी भी बेहद जरूरी है। कृषि, घरेलू और व्यावसायिक क्षेत्रों में पानी के विवेकपूर्ण उपयोग को अपनाना होगा। आधुनिक तकनीकों, सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों और वर्षा जल संचयन जैसे उपायों को बढ़ावा देना समय की मांग है। बैठक के दौरान जल-संकट और जल-संरक्षण से जुड़े प्रश्नों का उत्तर देते हुए सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता मुनीष बब्बर ने बताया कि कुरुक्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति मुख्यतः भूजल पर निर्भर है, इसके साथ-साथ खेती में 63 प्रतिशत सिंचाई भी भूजल से ही हो रही है। यही कारण है कि जिले के अधिकांश ब्लॉक डार्क जोन की ओर बढ़ रहे हैं, जो भविष्य के लिए गंभीर संकेत है।



कुरुक्षेत्र। विधायक अशोक अरोड़ा को स्मृति चिहन भेंट करते आयोजक।

### गीता मात्र एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, अपितु संपूर्ण मानवता के लिए जीवन प्रबंधन का सर्वश्रेष्ठ मार्गः अशोक अरोड़ा

**कुरुक्षेत्र।** पंजाबी धर्मशाला में सहस्त्र गीता कंठनाद-राष्ट्र जागरण महायज्ञ' का शुभारंभ वैदिक मंत्रो के उच्चारण, शंखनाद एवं दीप प्रज्वलन के साथ अत्यंत गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र के प्रतिष्ठित संत परमहंस ज्ञानेश्वर (अध्यक्ष, अवधूत आश्रम एवं संत समाज, महंत बंसी पुरी अध्यक्ष, थानेश्वर महादेव मंदिर, थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा तथा कुरुक्षेत्र विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज सेतिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही गीता परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय मालपानी, अंतर्राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष डॉ. आशु गोयल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरिनारायण व्यास, उत्तरांचल प्रमुख श्रीमती मीनाक्षी गुप्ता, श्रीमान सुशील गुप्ता एवं पूर्वांचल प्रमुख श्रीमती आशा साबू की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा द्विगुणित की। दीप प्रज्वलन के पश्चात डॉ. आशु गोयल ने उपस्थित जनसमूह के समक्ष गीता परिवार के ध्येय एवं आगामी प्रकल्पों की विस्तृत प्रस्तावना प्रस्तुत की।

बजट में टाइड के लिए 1 करोड़ 34 लाख और अनटाइड में करीब 89 लाख शामिल

## 2 करोड़ 23 लाख के बजट से कुरुक्षेत्र में करवाए जाएंगे विकास कार्य

- टाइड के बजट में से पीने के पानी से सम्बन्धित और स्वच्छता से सम्बन्धित विकास कार्य करवाए जाएंगे तथा अनटाइड के बजट में विकास कार्य करवाए जाएगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। बैठक को संबोधित करती जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर।

जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश चहुंमुखी विकास पथ पर है, बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य लगातार किए जा रहे है तथा प्रदेश सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाया जा रहा है। जिला परिषद चेयरपर्सन शुक्रवार को पंचायत भवन के सभागार में जिला परिषद की 127वीं बैठक को सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने बताया कि जिला परिषद के पास 2 करोड़ 23 लाख का बजट उपलब्ध था, इस बजट को आज की बैठक में स्वीकृति सदस्यों की सहमति दी गई और इस बजट से विकास कार्य जल्द ही करवाए जाएंगे, जो विकास कार्य करवाए जाएंगे उनकी सूची तैयार कर ली गई है। इस बजट में टाइड के लिए लगभग 1 करोड़ 34 लाख और अनटाइड में करीब 89 लाख शामिल है। उन्होंने बताया कि टाइड के बजट में से पीने के पानी से सम्बन्धित और स्वच्छता से सम्बन्धित विकास कार्य करवाए जाएंगे तथा अनटाइड के बजट में विकास कार्य करवाए जाएगे। उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना के बारे में सभी सदस्यों से कहा कि अपने अपने क्षेत्र में इस योजना का प्रचार प्रसार करे ताकि आम जन इस योजना का लाभ उठा सके। उन्होंने कहा कि लाडो लक्ष्मी योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मानधन योजना सहित कई जनकल्याणकारी योजनाओं का आमजन को सीधा लाभ पहुंचाया जा रहा है। जिला परिषद चेयरपर्सन ने इस बात की भी स्वीकृति सदस्यों से ली कि अगर कोई बजट आगामी माह के अंत तक आता है तो उसे भी आज की बैठक में शामिल किया जाएगा और इससे भी विकास कार्य करवाए जाएंगे।

### जिला परिषद के पास बजट की कमी नहीं : धर्मपाल चौधरी

जिला परिषद के वाईस चेयरमैन धर्मपाल चौधरी ने बताया कि प्रदेश सरकार ने हाल ही में पेंशन में बढ़ोतरी की है जिसके लिए उन्होंने प्रदेश सरकार का आभार प्रकट किया और कहा कि जिला परिषद के पास बजट की कमी नहीं है और प्राथमिकता के आधार पर जिला परिषद के अंतर्गत आने वाले सभी क्षेत्रों में विकास कार्य करवाए जा रहे है। इससे पहले जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शम्भू राठी ने सभी सदस्यों के सामने बैठक के एजेंडे के बारे में विस्तार से बताया और आए हुए सदस्यों का स्वागत भी किया। इस मौके पर जिला परिषद के डिप्टी सीईओ कृष्ण लाल, लेखा अधिकारी सत्य भूषण सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### रिजिनल रांउड का प्रशिक्षण आयोजित

**अंबाला।** आगामी जनगणना-2027 के प्रथम चरण यानि मकान सूचीकरण के कार्य को चार्ज स्तर के माध्यम से करवाने वाले जिले के सभी चार्ज अधिकारियों और उनके अधीनस्थ जनगणना से संबंधित सभी कर्मचारियों और तकनीकी ज्ञान रखने वाले कर्मचारियों का एक दिवसीय अंतिम रिजिनल रांउड का प्रशिक्षण अंबाला क्लब में शुक्रवार को आयोजित किया गया। इसमें चार्ज अधिकारियों सहित उनके अधीनस्थ कर्मचारियों ने भाग लिया। जनगणना निदेशालय से मंडलाधिकारी चंचल राजावत, जिला समन्वय अधिकारी जनगणना, विकास बजाज, जिला मास्टर ट्रेनर्ज रक्षा देवी भी यहां मौजूद रही।

### पर्यावरण संरक्षण पर एडीसी ने दिए निर्देश

**अंबाला।** अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित हवाई क्षेत्र पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए एयर फोर्स स्टेशन के आसपास साफ-सफाई एवं पर्यावरण प्रबंधन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम अंबाला छावनी विनेश कुमार, डीएसपी विजय कुमार तथा वायुसेना के उच्च अधिकारी उपस्थित रहे। अतिरिक्त उपायुक्त ने नगर निगम, वन विभाग, नगर परिषद व अन्य संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि हवाई सुरक्षा एवं पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए एयर फोर्स स्टेशन के आसपास नियमित साफ-सफाई, पेड़ों की ट्रिमिंग तथा अन्य सबंधी कार्यों के समुचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए।

### दो दिवसीय फिजियोथैरेपी शिविर का शुभारंभ

**अंबाला।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बलदेव नगर में समग्र शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों हेतु विशेष दो -दिवसीय फिजियोथेरेपी शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शिविर जिला परियोजना समन्वयक सीमा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सतबीर सिंह एवं प्रिंसिपल साहा प्रेरणा चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी सतबीर सिंह ने कहा कि ऐसे शिविर दिव्यांग बच्चों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मई को

**अंबाला।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशांनुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मई को किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीण ने बताया की लोगों के लंबित मामलों का निपटारा करने के लिए लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है। लोक अदालत में वैवाहिक, पारिवारिक विवाद, आपराधिक मामले, भूमि अधिग्रहण, श्रम विवाद, बैंक रिकवरी मामले, और पेंसन मामलों का निपटारा होगा।

### शिविर में 63 यूनिट रक्त एकत्रित किया

**उचाना।** बाबा फुल्ले साध गोशाला में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र के साथ-साथ सड़क सुरक्षा का संदेश देते हुए हेलमेट भी दिए गए। 63 यूनिट रक्तदान शिविर में हुआ। गोशाला प्रबंधक अशोक ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी नहीं आती है बल्कि स्वस्थ व्यक्ति साल में चार बार रक्तदान कर सकता है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी की जान बचाने के काम आ सकता है। शिविर में युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया।

### वार्ड वाइज मतदाता सूची हुई प्रकाशित

**जींद।** जिला निर्वाचक अधिकारी सत्यवान सिंह मान ने बताया कि हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियमावली के तहत उपचुनाव हेतु राज्य चुनाव आयोग द्वारा विगत 12 सितंबर 2024 को प्रकाशित विधानसभा मतदाता सूची नियमानुसार जींद खंड की ग्राम पंचायत चाबरी, मनोहरपुर, ललित खेड़ा, राजपुरा, ईक्कस व कर्मगढ की वार्ड वाईज सूची का अंतिम प्रकाशन आज कर किया गया है।

## रोज 56 सिलेंडरों की होगी सप्लाई, 45 दिन के बाद दोबारा हो सकेगी बुकिंग

# रसोई गैस के लिए हाहाकार, सुबह चार बजे से लाइन में लगने के बावजूद नहीं मिल रहा सिलेंडर

एलपीजी के लिए एचएलआईडीसी गैस एजेंसी में हुआ जमकर हंगामा




सिलेंडर के लिए मैनेजर से बहस करते लोग व लगी लाइन का दृश्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

- एजेंसी मैनेजर के साथ हुई ग्रामीणों की जमकर बहस

कस्बे में इन दिनों रसोई गैस की भारी किल्लत के चलते उपभोक्ताओं में भारी रोष है। हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि लोग सुबह 4 बजे से ही लाइनों में लग जाते हैं लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी उन्हें खाली हाथ वापस लौटना पड़ रहा है। ऐसे ही हालात शुक्रवार को भी देखने को मिले। लोग सुबह से ही लाइन में लग गए। परन्तु गैस सिलेंडर की सप्लाई नही आई। इसकी वजह से लोगों में रोष बढ़ गया। मौके पर पहुंचे एचएलआईडीसी गैस एजेंसी के मैनेजर कर्मवीर के साथ लोगों की जमकर बहस हुई। मैनेजर ने लोगों को समझाया और बुकिंग शुरू की।

## बुकिंग नंबर आने के बावजूद लोगों को नहीं मिल रहा डिलीवरी मैसेज

### मैसेज आया पर सिलेंडर नहीं मिला

नारायणगढ़ स्थित एचएलआरडीसी गैस एजेंसी से जुड़े उपभोक्ताओं ने गंभीर आरोप लगाए हैं। यहां के रहने वाले श्याम लाल, पुरुषोत्तम, सतपाल का कहना है कि उनके रजिस्टर्ड मोबाइल से सिलेंडर बुक करने और बुकिंग नंबर आने के बाद, कई लोगों को 'सिलेंडर डिलीवर' होने का मैसेज भी मिल गया जबकि उन्हें सिलेंडर मिला ही नहीं। उपभोक्ताओं ने सवाल उठाया है कि यदि उन्हें सिलेंडर नहीं दिया गया तो कागजों में वह किसे डिलीवर दिखाया गया? शहजादपुर में नियमित सप्लाई न होने के कारण लोगों को मजबूरन नारायणगढ़ जाकर घंटों लाइन लगानी पड़ रही हैं।

### हंगामे के बाद मैनेजर ने दिया स्पष्टीकरण

शुक्रवार को जब 5-6 घंटे इंतजार के बाद भी सप्लाई नहीं पहुंची तो लोगों का धैर्य जवाब दे गया। मौके पर पहुंचे एजेंसी मैनेजर कर्मवीर और अन्य कर्मचारियों को जनता के गुस्से का सामना करना पड़ा। काफी देर तक चली बहस के बाद मैनेजर ने स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने बताया कि कंपनी से सप्लाई कम आने के कारण दिक्कत हो रही है। अब प्रतिदिन शहजादपुर में 56 सिलेंडरों की एक खेप भेजी जाएगी। सभी की बुकिंग कर पर्ची दी जा रही है ताकि कल प्राथमिकता के आधार पर वितरण हो सके।

### नियमों में बदलाव और एजेंसी की अपील

बढ़ती किल्लत को देखते हुए एजेंसी ने कुछ नए नियम और व्यवस्थाएं लागू की हैं। उन्होंने बताया कि एक बार में केवल 56 सिलेंडर ही बांटे जाएंगे। जो लोग लाइन में शेष रह जाएंगे, उन्हें अगले दिन की सप्लाई में प्राथमिकता दी जाएगी। एक बार सिलेंडर मिलने के बाद उपभोक्ता की अगली बुकिंग अब 45 दिन के अंतराल पर ही हो सकेगी। मैनेजर ने उपभोक्ताओं से शांति बनाए रखने और वितरण प्रणाली में सहयोग करने की अपील की है। मात्र 56 सिलेंडरों के बाद से ही कस्बे में तनाव की स्थिति है। अब देखना यह है कि एजेंसी द्वारा दिया गया 'प्रतिदिन सप्लाई' का आश्वासन उपभोक्ताओं को कितनी राहत पहुंचा पाता है या नहीं।

## गैस किल्लत से ग्रामीण बेहाल एजेंसी से लौट रहे खाली हाथ

- गैस एजेंसी की कार्यप्रणाली पर ग्रामीणों ने जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला शहर से सटे जलबेड़ा गांव में एलपीजी गैस की किल्लत से उपभोक्ता बेहाल हैं। बीते रोज गैस एजेंसी की गाड़ी ग्रामीणों को आश्वासन देकर भी खाली हाथ लौटा गई। सुबह 9 बजे से कतार में लगे उपभोक्ताओं को देर शाम अंधेरा होने पर बिना सिलिंडर लिए ही घर वापस जाना पड़ा। एजेंसी की इस कार्यप्रणाली से ग्रामीणों में भारी रोष है। दो दिन पहले भी कई उपभोक्ताओं को गैस सिलिंडर नहीं मिले थे, इसके कारण उन्होंने एजेंसी पर विरोध प्रदर्शन किया था, इसके बाद खाली सिलिंडर लेकर वह उपायुक्त कार्यालय पहुंच गए थे। ग्रामीण जरनैल सिंह, अंग्रेज सिंह और सुमन देवी ने बताया कि वे सुबह 9 बजे ही निर्धारित स्थान पर सिलिंडर लेकर पहुंच गए थे। दोपहर 2 बजे तक गाड़ी नहीं आई। उपभोक्ताओं ने जब ड्राइवर और एजेंसी को फोन किया, तो वहां से कोई जवाब नहीं मिला। दोपहर बाद गाड़ी गांव पहुंची, लेकिन चालक ने भानोखेड़ी गांव में सप्लाई देने की बात कही। इसी उम्मीद में उपभोक्ता शाम तक डटे रहे, लेकिन गाड़ी वापस नहीं आई।

### ग्रामीण परेशान

उपभोक्ता गुलाब सिंह और जोगिंद्रो ने बताया कि सिलिंडर बुक कराए पांच दिन बीत चुके हैं। गैस न मिलने से घरों में चूल्हा जलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन के सख्त निर्देश के बावजूद एजेंसी समय पर सप्लाई नहीं दे रही है। दूसरी ओर एचपी गैस एजेंसी के कर्मचारी का कहना है कि बुकिंग के सात दिन के भीतर गैस की आपूर्ति की जाती है। हालांकि, ग्रामीण अन्य एजेंसियों की सेवा को बेहतर बताते हुए इस एजेंसी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। उपभोक्ताओं ने जिला प्रशासन से मांग की है कि गैस वितरण व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए ताकि उन्हें बार-बार परेशानी न झेलनी पड़े।

# संत फकीरदास महाराज की मूर्ति का होगा अनावरण

- तंदवाली स्थित डेरा बेगमपुरा में 2 को आयोजित होगा समागम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

गांव तंदवाली स्थित डेरा बेगमपुरा में 2 अप्रैल को रविदासिया धर्म को समर्पित विशाल एवं भव्य संत समागम का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन संत श्री बैसाखी दास उदासीन मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर हाल ही में एक बैठक आयोजित की गई। डेरा बेगमपुरा तंदवाली के गद्दीनशीन संत श्री 108 संत सोमदास उदासीन महाराज ने बताया कि यह समागम संत श्री 108 संत फकीरदास उदासीन महाराज की पुण्य स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में डेरा सचखंड बल्लां के गद्दीनशीन संत पद्मश्री संत निरंजन दास महाराज मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। यहां वे संत फकीरदास जी की मूर्ति का अनावरण करेंगे। समागम की अध्यक्षता संत धर्मदास लाडवा दरबार करेंगे जबकि पूर्व विधायक लहरी सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।



बराड़ा। बैठक में भाग लेते हुए समाज के लोग। *फोटो : हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संत मनदीप दास मुख्य वक्ता के रूप में संगत को गुरुवाणी से निहाल करेंगे। कीर्तनी जत्थे सत्संग के माध्यम से गुरु रविदास की वाणी का प्रचार-प्रसार करेंगे। संत सोमदास के अनुसार 2 अप्रैल को प्रातः 4 बजे से अमृतवाणी पाठ शुरू होंगे जिसका भोग सुबह 8 बजे डाला जाएगा। इसके उपरांत सत्संग एवं प्रवचन आयोजित किए जाएंगे। संगत के लिए जलपान और अटूट भंडारे की भी व्यवस्था की गई है। बैठक में प्रधान ईश्वर पाल कुशली, हरकेश कुमार देवधर, जसमेर सिंह कलालटी, बचननदास खेड़वा, जीतराम, जसपाल, अजय कुमार, गेंदचंद, हरकेश आदि रहे।

# कार्यशाला में भारत की विदेश नीति से विद्यार्थियों को करवाया अवगत

- राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित हुई संगोष्ठी
- अंतरराष्ट्रीय संबंध विषय पर हुई दो दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

राजकीय महिला महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 'अंतरराष्ट्रीय संबंध' विषय पर एक दो दिवसीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। संगोष्ठी का आयोजन राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. वनिता शर्मा के कुशल नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कश्मीर सिंह छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए अपने वक्तव्य में अंतरराष्ट्रीय संबंधों के महत्व पर प्रकाश डाला।इस दो दिवसीय संगोष्ठी में महाविद्यालय की लगभग 60 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान अंतरराष्ट्रीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं जैसे वैश्विक राजनीति, भारत की विदेश नीति, संयुक्त राष्ट्र की भूमिका, तथा समसामयिक अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। छात्राओं ने भी सक्रिय रूप से प्रश्न पूछे और अपने विचार व्यक्त किए।

प्रो. वनिता शर्मा ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्राओं में राजनीति विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने और उन्हें समसामयिक वैश्विक घटनाओं से जोड़ने में सहायक सिद्ध होते हैं। संगोष्ठी के समापन पर सभी प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम की सफलता में राजनीति विज्ञान विभाग के अन्य शिक्षकों तथा छात्राओं का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# संपत्ति कर न देने वाले बकायेदारों के खिलाफ बोर्ड करेगा सख्त कार्रवाई

- संपत्ति कर जमा न करने वाले पंद्रह के खिलाफ जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

संपत्ति कर ने देने वाले बड़े बकायेदारों के खिलाफ कैंटोनमेंट बोर्ड ने अब सख्त कार्रवाई करने का फैसला किया है। बोर्ड ने तीन बार नोटिस और रिमाइंडर भेजने के बाद भी टैक्स जमा न कराने वाले 15 बड़े बकायेदारों की सूची जारी कर दी है। अब इन बकायेदारों के नाम सेना अस्पताल के पास लगी बड़ी स्क्रीन पर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किए जाएंगे। वहीं, बोर्ड ने चेताया है कि अगर बकायेदारों ने दो दिन के अंदर लंबित संपत्ति कर नहीं जमा करवाया तो इनके खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। कैंटोनमेंट बोर्ड के रिकॉर्ड के अनुसार, इन 15 डिफाल्टरों पर बोर्ड का लगभग 30 लाख रुपये का संपत्ति कर बकाया है। बोर्ड अधिकारियों का कहना है कि बकाया वसूली के लिए संबंधित पक्षों को रिमाइंडर भेजे गए, लेकिन उनकी ओर से टैक्स जमा करने में कोई रुचि नहीं दिखाई गई। बार-बार की अनदेखी के बाद अब बोर्ड ने अंतिम नोटिस जारी किया है।

### सामाजिक रूप से झेलनी पड़ सकती है शर्मिंदगी

बोर्ड के फैसले के मुताबिक, बकायेदारोंको सामाजिक रूप से शर्मिंदगी झेलनी पड़ सकती है, क्योंकि उनके नाम शहर के व्यस्ततम इलाके सेना अस्पताल के पास वाली स्क्रीन पर प्रदर्शित होंगे। इसके साथ ही, बोर्ड की टीम जल्द ही फील्ड में उतरकर इन बकायेदारों के बिजली और पानी के कनेक्शन काटने की कार्रवाई शुरू करेगी। यदि इसके बाद भी भुगतान नहीं किया गया, तो संबंधित संपत्तियों को सील करने की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। कैंटोनमेंट बोर्ड के अधीन जिन संपत्तियों पर लाखों रुपये का संपत्ति कर बकाया है। वो संपत्तियां बोर्ड के पॉश क्षेत्र में स्थित हैं। इसके अलावा एलन बाइलाइन, बैंक रोड, अलेक्जेंडर रोड, आरएचए बाजार व शहजादा मंडी के क्षेत्र शामिल हैं।

# तकनीकी कार्यक्रमों में भाग लें छात्र: सीमा

- एमडीएसडी कॉलेज में एएल ह्यूमैनिटी विषय पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला शहर के एमडीएसडी कॉलेज के विद्यार्थियों ने एनडीएलआई क्लब द्वारा आयोजित एएल फॉर ह्यूमैनिटी विषय पर वर्चुअल वैश्विक कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक एवं पूर्ण सक्रियता के साथ भाग लिया। यह कार्यक्रम कृत्रिम बुद्धिमत्ता के मानव जीवन में उपयोग और उसके सकारात्मक प्रभावों पर केंद्रित था। यह कार्यक्रम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सीमा सिंघल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने इस ज्ञानवर्धक सत्र में गहरी रुचि दिखाई और नई तकनीकों के प्रति अपनी समझ को विकसित किया। सभी ने विद्यार्थियों को ऐसे शैक्षणिक एवं तकनीकी कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज के एनडीएलआई क्लब की अध्यक्ष एंव लाईब्रेरीयन डॉ. कौशल चौहान ने विद्यार्थियों को क्लब से जुड़ने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने समझाया कि छात्र कलब की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपने संस्थान के यूनिक पास्के के माध्यम से स्वयं को रजिस्टर कर सकते हैं।



अंबाला। वर्चुअल वैश्विक कार्यक्रम में हिस्सेदारी करते छात्र।

### एनडीएलसी से प्राप्त कर सकते हैं सर्टिफिकेट

उन्होंने बताया कि विद्यार्थी एनडीएलआई पोर्टल पर लॉगिन करके इवेंट सेक्शन में जाकर विभिन्न कार्यक्रमों में भाग ले सकते हैं किसी भी इवेंट में शामिल होने से पहले चेक एलिजीबिल्टी और पार्टीसिपेट बटन पर क्लिक करना आवश्यक है। कार्यक्रम पूर्ण होने के बाद विद्यार्थी अपने एनडीएलआई अकाउंट से सहभागिता सर्टीफिकेट आसानी से डाउनलोड कर सकते हैं।

## ग्रामीणों ने भी बिजली, फैमिली आईडी व पक्के मकान बनाने का किया आग्रह

# खतौली में हुआ रात्रि ठहराव कार्यक्रम, ग्रामीणों ने सफाई व्यवस्था की उठाई मांग

*अधिकारियों ने लोगों को सरकार से जुड़ी योजनाओं की दी जानकारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में गांव खतौली में रात्रि ठहराव का आयोजन किया गया। रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान एसडीएम अंबाला छावनी विनेश कुमार व सीईओ जिला परिषद गगनदीप ने खतौली के साथ-साथ अन्य आस-पास गांव से आए ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने का काम किया और अधिकारियों को समस्याएं मार्क करते हुए उनका निवारण करने के निर्देश दिए। गांव खतौली के सामुदायिक केंद्र में रात्रि ठहराव कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए जिसमें कर्मचारियों ने गांववासियों को अपने विभागों से योजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी दी और ग्रामीणों ने भी इन योजनाओं का भरपुर लाभ उठाया।




अंबाला। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते एसडीएम व मौजूद ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि*

### ग्रामीणों ने रखी समस्याएं

कार्यक्रम के दौरान गांव की सरपंच कमलजीत कौर, पंच काका सिंह व सरपंच प्रतिनिधि गुरजंट सिंह ने एसडीएम विनेश कुमार व सीईओ जिला परिषद गगनदीप को यहां पहुंचने पर पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। सरपंच कमलजीत कौर ने गांव में सफाई व्यवस्था के दृष्टिगत सफाई कर्मचारी नियुक्त करने बारे व कुडा-कर्कट के निस्तारण के लिए ई-रिक्शा बारे व अन्य समस्याएं गांव की ओर से एसडीएम व जिला परिषद सीईओ के समक्ष रखी। इसके अलावा अन्य ग्रामीणों में जिनमें मनजीत कौर, महिंद्रो देवी, सविता, जय कौर, गुड्डी देवी, आशा रानी ने सरकारी योजना के तहत कच्चे मकान को पक्का करवाने बारे, जमेरो देवी ने बिजली बिल की समस्या रखी, बनारसी दास ने बुढापा पेंशन, जसमेरो ने राशन कार्ड बनवाने को लेकर, प्रवीन ने बिजली बिल ठीक करवाने बारे, स्वर्ण राम ने बिजली मीटर लगवाने बारे, गगनप्रीत सिंह ने खेतों में लाईट ठीक करवाने बारे अपनी समस्या रखी।

### कार्रवाई के दिए निर्देश

एसडीएम व सीईओ जिला परिषद ने सभी समस्याओं को क्रमवार सुनते हुए सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशासन का उद्देश्य गांव-गांव जाकर आमजन की समस्याओं का समाधान करना है। रात्रि ठहराव कार्यक्रम इसी दिशा में सरकार की एक प्रभावी पहल है, जिससे लोगों को प्रशासन तक सीधी पहुंच मिलती है। एसडीएम व सीईओ ने सरकार की योजनाओं से संबंधी विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पंहुचाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता में है। सभी विभाग संबंधी लोगों जन हितैषी योजनाओं बारें जागरूक करें। इस मौके पर कार्यकारी अभियंता पंचायती राज साहिल शर्मा, बीडीपीओ अश्वनी, एसडीओ जयदेव, सरपंच कमलजीत कौर, प्रतिनिधि गुरजंट सिंह, पंच काका राम आदि मौजूद रहे।